**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 15.07.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कमासिन पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 1900 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 15.07.2025 को थाना कमासिन पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कमासिन क्षेत्र के धुधुई मोड के पास से एक व्यक्ति को अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 1900 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ। इस सम्बन्ध में थाना कमासिन में अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगी-**

- 1900 ग्राम अवैध सूखा गांजा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. सतानन्द राजपूत उर्फ छोटे पुत्र अमर सिंह निवासी जामू थाना कमासिन जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 164/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कमासिन जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री गिरिजाशंकर पाण्डेय
2. हे0कां0 सुखदेव दिवाकर
3. हे0कां0 पंकज यादव
4. हे0कां0 नितिश कुमार द्विवेदी